प्रादेशिक समाचार
दिनांक–05.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड के जलाशयों से अचानक और अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने पर बंगाल में बाढ़ जैसे हालात, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएम हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप का किया आग्रह।

2. मौसम विज्ञान केंद्र ने झारखंड के उत्तर–पूर्वी भागों में छह और सात अगस्त को भारी बारिश का जताया अनुमान।

3. जमशेदपुर से निर्दलीय विधायक सरयू राय जदयू में हुए शामिल, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा– भारतीय जनतंत्र पार्टी का जदयू में जल्द होगा विलय।
4. पेरिस ओलम्पिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची, बैडमिंटन में आज कांस्य पदक के लिए लक्ष्य सेन का मलेशिया के लीजी जिया से होगा मुकाबला।

****

झारखंड के जलाशयों से अत्यधिक पानी छोड़ने पर कल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। ममता बनर्जी ने हेमंत सोरेन को बताया कि तेनूघाट डैम, मैथन और पंचेत डैम से पानी छोड़े जाने के कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस मामले में डीवीसी मैथन के कार्यकारी निदेशक अंजनी दुबे ने कहा कि अब तेनुघाट से कम पानी छोड़ा जाएगा, क्योंकि वर्षा में कमी आयी है। मैथन और पंचेत से भी कम पानी छोड़ा जाएगा। इधर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पश्चिम बंगाल में आयी बाढ़ के लिए झारखंड सरकार जिम्मेदार नहीं है। दोनों सरकारों को लोगों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

****

मौसम विज्ञान केंद्र ने झारखंड में 10 अगस्त तक रूक–रूक कर बारिश होने का अनुमान जताया है। इससे पहले छह और सात अगस्त को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में देवघर, धनबाद, गिरिडीह, गोड्डा, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि झारखंड में गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर फेल है। श्री सेठ रविवार को रांची में पत्रकारों से कहा कि राज्य सरकार अपराधियों पर नकेल कसने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ वामपंथियों के गठबंधन से चल रही सरकार ने अपराधियों को खुली छूट दे रखी है।

****

साहेबगंज जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता रथ चलाया जा रहा है। उपायुक्त हेमंत सती ने बताया कि 10 अगस्त तक आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं।

****

गोड्डा जिले में भी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

****

गोड्डा जिले में इस वर्ष राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के दूसरे चरण में आवास निर्माण की संख्या बढ़ा दी गई है। इस वर्ष नए आवंटन में गोड्डा में अबुआ आवास के कुल 18 हजार छह सौ तिरेसठ आवास निर्माण का लक्ष्य है।

****

रांची पुलिस ने सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण हत्याकांड के मुख्य आरोपी रोशन मुण्डा को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया एसआईटी की टीम उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

****

झारखंड के पूर्व मंत्री सह निर्दलीय विधायक सरयू राय कल जदयू में शामिल हो गये। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। उन्होंने कहा सरयू राय के आने से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। सरयू राय अपनी पार्टी का जदयू में जल्द विलय करेंगे।

****

झारखंड के प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आम जनता के साथ—साथ कारोबारियों के साथ पुलिस के बेहतर संबंध को लेकर कल झारखंड चैंबर के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें हर तरह से सुरक्षा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। चैंबर की बैठक में डीजीपी ने कारोबारियों से अपील की कि वे अपने दुकानों और अपने घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना में पुलिस को मदद मिले।

****

पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। क्वार्टर फाइनल में कल भारत ने ब्रिटेन को शूटआउट में 4—2 से हराया। वहीं बैडमिंटन के पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन को डेनमार्क के विक्टंर एक्सुलेसन से हार का सामना करना पड़ा। आज कांस्य पदक के लिए लक्ष्य सेन, मलेशिया के लीजी जिया का सामना करेंगे।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अखबारों ने बंग्लादेश में हिंसा में कई लोगों की मौत और पूरे देश में कर्फ्यू की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

प्रभात खबर ने— भारतीय हॉकी के पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने पर लिखा है— फिर दुनिया ने देखी हमारी हॉकी की जादूगरी।

हिन्दुस्तान ने लिखा है— वित्तरहित शिक्षाकर्मियों को मिलेगा वेतनमान।

दैनिक जागरण ने झारखंड के पानी से बंगाल में बाढ़ की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने वकील हत्याकांड में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान टाइम्स ने लखनउ—आगरा एक्सप्रस—वे पर बस और कार में टक्कर में 7 यात्रियों की मौत और 25 लोगों के घायल होने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

****